



## खबर संक्षेप

### चोरी की दो मोटर साइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जूटमिल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जहां चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जूटमिल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रांसपोर्ट नगर चौक के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दो मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा, जिसने पूछताछ में अपना नाम बलदेव दास महंत उर्फ नानु (24 वर्ष), निवासी केवाली थाना जोबी जिला रायगढ़ बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने पास रखी दोनों मोटरसाइकिल को चोरी का होना स्वीकार किया। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने 03 अप्रैल 2026 की रात पुराना बस स्टैंड मटन मार्केट से पल्सर मोटरसाइकिल (CG 13 AN 1235) तथा 05 अप्रैल 2026 को कोडातराई में आयोजित भागवत पंडाल के पास से हीरो पैशन प्रो (CG 13 W 9291) चोरी की थी। उक्त पैशन प्रो बाइक की चोरी के संबंध में थाना जूटमिल में अपराध क्रमांक 116/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत पहले से मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दोनों मोटरसाइकिल (कुल कीमत लगभग 1.50 लाख रुपए) जब्त कर उसे वाहन चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### कलेक्टर ने आरसेटी का किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ.संजय कन्नौजे ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आरसेटी में महिलाओं को ब्यूटी पार्लर से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा हैए जिसमें एक बैच में लगभग 35 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, प्रभारी लीड बैंक प्रबंधक लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, फैकल्टी सदस्य अतुल मिश्रा आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से परिचय प्राप्त किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ.साथ उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के 35 दिनों के भीतर महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से लोन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे महिलाएं आसानी से अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है और प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जाती है।

# दस सालों से जल सप्लाई का एग्रीमेंट तक नहीं
# निगम पर बकाया पानी बिल पहुंचा 7 करोड़ तक

**पानी का बिल "मानक दर से तीन गुना अधिक" दर पर बनाया**

अलग खबर

विकास चौबे ⏭ रायगढ़

रायगढ़ नगर निगम इन दिनों एक बड़ी वित्तीय और प्रशासनिक चुनौती का सामना कर रहा है। नगर निगम पर पानी की आपूर्ति का बकाया लगभग 7 करोड़ रुपए तक पहुँच चुका है। हालांकि यदि जल आपूर्ति की वास्तविक/मानक दर लागू हो जाती, तो बकाया राशि 2.5 करोड़ रुपए ही होती लेकिन लगभग 4.5 करोड़ रुपए का अंतर केवल गलत,अस्पष्ट दरों के कारण हुआ। दरअसल देख जाए तो सामान्य स्थिति में पानी की सप्लाई के लिए प्रति घन मीटर एक तय दर होती है लेकिन एग्रीमेंट नहीं होने के कारण दर लागू करना, बिलिंग तय करना, मात्रा मापना यह सभी बातें अस्पष्ट रहीं। इसी वजह से पानी का बिल "मानक दर से तीन गुना अधिक" दर पर बनाया जाने लगा। यह दर निगम के लिए भारी पड़ता गया। पानी आपूर्ति करने वालों से एग्रीमेंट नहीं होने का आर्थिक नुकसान अब करोड़ों में है। दरअसल रायगढ़ नगर निगम का पानी आपूर्ति करने वालों से कोई औपचारिक एग्रीमेंट नहीं होना सिर्फ एक तकनीकी गलती नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्रबंधन की एक गहरी कमी है। जानकारों के मुताबिक जल स्रोत से पानी लेने के लिए, आपूर्ति की मात्रा निर्धारित करने के लिए, भुगतान शर्तें तय करने के लिए, बिलिंग दर तय करने के लिए एक लिखित एग्रीमेंट होना अनिवार्य होता है। रायगढ़ में लेकिन ऐसा वर्षों तक यह एग्रीमेंट नहीं किया गया। इससे हुआ यह कि न तो मासिक बिल का आधार स्पष्ट था ,न पानी की मात्रा मापक थी और ना ही न दरों की सहमति थी।



कंपनियो से अनुबंध की प्रक्रिया उच्च स्तर पर जारी है। जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा, हालांकि कंपनियों को जल आपूर्ति से पहले ही कमिटमेंट चार्ज का भुगतान किया जा चुका है। फिलहाल बिल कम करने पर चर्चा जारी है।
**सूरज देवांगन**
जल विभाग प्रभारी।

#### कोई स्पष्ट लिखित समझौता नहीं

गौरतलब है कि रायगढ़ शहर में पानी की आपूर्ति नगर निगम की जिम्मेदारी है। निगम अलग-अलग जल स्रोतों से कच्चा पानी लेता है, जिसे फिल्टर प्लांट के माध्यम से शुद्ध कर शहर के वार्डों में भेजा जाता है। इसी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण है, जल स्रोत और निगम के बीच विधिवत एग्रीमेंट। हालांकि पिछले कई वर्षों से कहा जा रहा है कि पानी लेने के लिए निगम और आपूर्ति करने वाली प्रणाली (जैसे परियोजनाएँ या जल स्रोत) के बीच कोई स्पष्ट लिखित समझौता नहीं था।

#### बिलिंग का ऑडिट और मॉनिटरिंग नहीं हुई

अधिकारी भी मानते हैं कि बिलिंग का ऑडिट और मॉनिटरिंग नहीं हुई इसलिए परेशानी बढ़ी। इससे निगम के ऊपर लगातार बिल बढ़ते गए और बकाया की राशि करोड़ों में पहुँच गई। दरअसल पानी की आपूर्ति के बिल हर महीने या निश्चित अवधि अनुसार आते थे। बिल ऊँची दर पर बनाए गए, निगम इन बिलों का भुगतान नहीं कर पाया और बकाया हर महीने बढ़ता गया। देर से भुगतान पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव भी पड़ा। लगातार कई महीनों के बकायों ने अंततः यह राशि लगभग 7 करोड़ रुपए तक पहुंचा दी।

#### नगर निगम की आय भी बिलकुल सीमित

नगर निगम की आय सीमित होती है। टैक्स, घर कर, बाजार शुल्क, नल कनेक्शन शुल्क आदि से ही आय आती है। अब सवाल है कि इतने बड़े बिलों को वर्षों तक अनदेखा क्यों किया गया। अभी तक तो पानी की मात्रा और लागत का मासिक डेटा सार्वजनिक नहीं किया गया है। खास बात है कि यदि बकाया और विवाद बढ़ता है, तो जल स्रोत सप्लाई रोक सकते हैं या सीमित कर सकते हैं। इससे शहर में पानी की किल्लत जैसी स्थिति बन सकती है।

### शहर को जाम से बचाने के लिए एनएचएआई की नई योजना
# ढिमरापुर व छातामुड़ा चौक में बनेगा फ्लाईओवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ शहर में अब कई फ्लाईओवर की योजना बनाई जा रही है। दो एनएच को जोड़ने वाले सबसे खतरनाक छातामुड़ा चौक में भी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एक फ्लाईओवर की योजना बना रहा है। बीते दिनों रीजनल ऑफिस में हुई बैठक में चर्चा हुई। इसी तरह ढिमरापुर चौक में भी फ्लाईओवर बनेगा। इसके लिए सर्वे जल्द ही शुरू करने की बात नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक झारसुगुड़ा और खरसिया की ओर एनएच के बीच में ही निर्माण किया जाएगा।

रायगढ़ शहर में ऐसे कई स्पॉट हैं जहां छोटे वाहन और भारी वाहन गुत्थगुत्था होते रहते हैं। ट्रेलर और डंपरों के बीच बाइक सवार भी गुजरते हैं। इन जगहों पर हैवी ट्रैफिक के कारण कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं। जानकार मानते हैं कि यहां सडक़ चौड़ी करने पर भी समस्या का हल नहीं होगा। भारी वाहनों को छोटे वाहनों से अलग रास्ता देने की जरूरत है। ऐसे ही दो जगहों को देखकर फ्लाईओवर का कॉन्सेप्ट लाया जा रहा है। ढिमरापुर चौक और छातामुड़ा चौक को इसके लिए चुना गया हे। दोनों ही प्रोजेक्ट इस साल के बजट में शामिल हैं, जिसके लिए पीडब्ल्यूडी सेतु संभाग को सर्वे करना है।



दो स्थानों पर फ्लाईओवर का प्रस्ताव बजट में शामिल किया गया है। जल्द ही सर्वे किया जाएगा।
आरके वर्मा
ईई, पीडब्ल्यूडी सेतु

#### उर्दना से कोतरा रोड आरओबी से को जोड़ा जाएगा

इसके अलावा एनएचएआई ने एनएच 49 में छातामुड़ा चौक के ऊपर से ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। यहीं पर पीडब्ल्यूडी सेतु भी एक फ्लाईओवर बनाने की तैयारी में था जो शहर की ओर से उधर सारंगढ़ रोड की तरफ उतरता। अब यह ओवरब्रिज नहीं बन पाएगा क्योंकि एनएचएआई एनओसी नहीं देगा। हालांकि इस पर चर्चा चल रही है कि दोनों ओवरब्रिज ऊपर एक दूसरे को क्रॉस करें। इसके साथ ही उर्दना से ढिमरापुर चौक होते हुए कोतरा रोड आरओबी तक रोड चौड़ीकरण हो रहा है। इसके साथ ही फ्लाईओवर बनाने का भी प्रस्ताव तैयार हो रहा है। प्रोजेक्ट के मुताबिक रोड के बीच में डिवाइडर की चौड़ाई इतनी रखी जाएगी ताकि पिलर खड़ा हो सके। इस पर उर्दना से कोतरा रोड आरओबी से फ्लाईओवर को जोड़ा जाएगा। इससे सभी भारी वाहन ढिमरापुर चौक पर नहीं फंसेंगे। आसानी से उर्दना की ओर से सीधे शहर से बाहर निकल जाएंगे।

#### हैवी ट्रैफिक से मिलेगी राहत

इसी तरह छातामुड़ा चौक पर भी यही किया जाएगा। शहर का ट्रैफिक बिना चौक पर रुके सीधे सारंगढ़ की ओर चला जाएगा। छातामुड़ा चौक में चार दिशाओं से आने वाले वाहन फंसते हैं। यहां कोई ट्रैफिक नियम नहीं चलते। दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। इसलिए शहर के ट्रैफिक को फ्लाईओवर के जरिए आगे सारंगढ़ रोड पर उतारा जाएगा। नीचे से बिलासपुर-झारसुगुड़ा एनएच पर भारी वाहन गुजरते रहेंगे। दोनों ही फ्लाईओवर के लिए सेतु विभाग प्रस्ताव बना रहा है।

#### खरसिया से झारसुगुड़ा के बीच एनएच 49 पर बनेगा

गौरतलब है कि शहर से निकलते समय छातामुड़ा चौक पर हमेशा भारी वाहनों की रेलमपेल लगी रहती है। चारों रोड से ट्रेलर और ट्रकों की आवाजाही होती है। रायगढ़ की तरफ कबीर चौक के पास एफसीआई के दो गोदाम हैं। यहां दिनरात चावल से भरे ट्रकों की आवाजाही चलती है। झारसुगुड़ा की ओर से भी कोयला और फ्लाई एश के ट्रेलर निकलते हैं। इसी तरह बिलासपुर की ओर से भी ट्रेलरों की लंबी कतार लगी रहती है जो सारंगढ़ की ओर या झारसुगुड़ा की तरफ जाते हैं। कोई भी ट्रेलर किसी भी दिशा में मुड़ सकता है। इसके बीच में बाइक और कार सवारों को निकलने में मशक्कत करनी पड़ती है। सारंगढ़ बस स्टैंड से निकलने वाली बसें भी इसी चौक पर गुत्थमगुत्था होती हैं। कई हादसे इस जगह पर हो चुके हैं जिसमें मौके पर ही मौत हो गई है। इस तरह के हादसों से बचने और भारी वाहनों को बिना रुके निकालने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एक फ्लाईओवर ब्रिज की योजना बना रहा है। खरसिया से झारसुगुड़ा के बीच एनएच 49 पर छातामुड़ा चौक के ऊपर से ओवरब्रिज बनाया जाएगा। रायगढ़ शहर की ओर आने वाली गाडियां आसानी से ओवरब्रिज के नीचे से निकल जाएंगी।



# 30 क्विंटल चावल पिकअप सहित जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध खाद्य सामाग्रियों की कालाबजारी, अमूल्य खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के तहत चक्रधरनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप वाहन से 30 क्विंटल चावल पिकअप सहित जब्त किया गया है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन की भांति प्रमुख चेक प्वाइंट्स पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान थाना चक्रधरनगर पुलिस टीम द्वारा जमुनाईन चौक में एक सफेद रंग की टाटा योद्धा पिकअप वाहन क्रमांक CG 13 AF 5689 को रोककर तलाशी ली गई। इसमें पीछे चावल की बोरियां लदी हुई पाई गईं। वाहन चालक जयनंद मालाकार (36 वर्ष), निवासी सेमरा थाना पुसौर से परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन चालक कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। चावल के अवैध परिवहन की आशंका पर पुलिस ने धारा 106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई करते हुए चालक के कब्जे से उक्त पिकअप वाहन सहित 60 बोरी सीलबंद चावल (प्रत्येक 50 किलोग्राम), कुल 30 क्विंटल चावल जब्त किया। मामले की अग्रिम कार्यवाही के लिए खाद्य अधिकारी रायगढ़ को सूचना दे दी गई है।

# बारात से लौट रही कार पेड़ से टकराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में 8 ग्रामीण घायल हो गए। 3 लोगों की हालत गंभीर है। सभी बारात से लौट रहे थे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, चंद्रपुर क्षेत्र के ग्राम कुंदरुझांज के ग्रामीण ओडिशा के विश्वनाथपुर में बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। देर रात सभी ईको कार में सवार होकर घर वापस आ रहे थे। कार चालक चंद्रमणि जैसे ही बंगुरसिया के पास पहुंचा, वाहन तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में आकांक्षा, रामकुमारी, रामवती, जया, कैलाशा बाई, रूमा और चालक चंद्रमणि घायल हुए हैं। 3 की हालत गंभीर, बाकी को सामान्य चोटें डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में तीन की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य को सामान्य चोटें आई हैं। सभी का इलाज जारी है। इस मामले में चक्रधर नगर थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की वजह मानी जा रही है।



### आरोपी से धारदार हथियार जब्त

# डायल 112 के चालक से मारपीट एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र में डायल 112 के चालक के साथ मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर जब्त कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

मामले के मुताबिक मुकेश नायक (26 वर्ष) डायल 112 वाहन में प्राइवेट रूप से चालक है। 3 अप्रैल की रात करीब 08:30 बजे अपनी स्कूटी क्रमांक CG 13 AW 8598 से कोतरारोड़ स्थित देशी-अंग्रेजी शराब दुकान की ओर गया था। इसी दौरान काले रंग की बुलेट मोटरसाइकिल में सवार तीन युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसी दौरान एक आरोपी ने धारदार हथियार से कमर के नीचे वार कर दिया, जिससे प्रार्थी घायल हो गया। शोर मचाने पर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना कोतवाली में धारा 296, 118(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने प्रार्थी एवं गवाहों से पूछताछ कर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की, जिसमें एक आरोपी जितेन्द्र कुमार टण्डन (30 वर्ष), निवासी रामभाठा, जयस्तंभ के सामने रायगढ़ को हिरासत में लिया गया।



आरोपी की पहचान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष कराई गई, जहां प्रार्थी ने उसे पहचान लिया। पूछताछ में आरोपी जितेन्द्र टण्डन ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर रामभाठा स्थित प्यासा मैदान की झाड़ियों से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, जबकि घटना में शामिल दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### बेखौफ अवैध उत्खनन , प्रशासन के सामने बढ़ी चुनौती
# पर्यावरणीय मंजूरी के बिना अटकीं 15 रेत खदानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर है तो इधर पर्यावरणीय मंजूरी के बिना 13 रेत खदानें अटकी हुईं हैं। दरअसल करीब साल भर पहले जिले में ई-निलामी के माध्यम से 15 रेत खदानों की नीलामी हुई थी। इन खदानों को चालू करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए आवेदन भी किया जा चुका है लेकिन अब तक इनमें से एक भी खदानों को पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

ध्यान रहे कि जिले में चिन्हांकित 15 रेत खदानों की ई-निलामी के लिए पिछले साल शुरू हुई करीब एक महीना तक यह चला। इसके बाद अन्य विभागीय प्रक्रिया हुई। इस पूरी प्रक्रिया में भी माह भर से अधिक समय लग गया। इसके बाद रेत खदान के चयनित बोलीदारों का माइनिंग प्लान एप्रुव्ड हुआ और वर्तमान स्थिति में देखा जाए तो जिले के 13 रेत खदानों के चयनित बोलीदारों ने शासन को माइनिंग प्लान के साथ पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए आवेदन कर दिया है लेकिन जिले में अब तक एक भी रेत खदानों को पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं मिल पाई है।



#### जिले में एक भी वैध रेत खदान नहीं

वर्तमान में देखा जाए तो जिले में एक भी वैध रेत खदान नहीं है, ऐसी स्थिति में प्राइवेट निर्माणाधीन स्थलों की बात तो दूर सरकार भवनों के निर्माण के लिए उपयोग किए जा रहे रेत को लेकर भी सवाल उठ रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो बेखौफ जिले में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन चल रहा है।

#### खदान नहीं होने से हो रहा नुकसान

रेत खदानों की नीलामी से वर्ष 2024-25 में 9 लाख रुपए के राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन इसके एवज में महज 4.51 लाख ही मिला। इसी प्रकार रॉयल्टी से 10 लाख रुपए के राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें 4.90 लाख रुपए मिला। इसके पीछे कारण खदानों का चालू न होना था। इस वर्ष भी रेत के राजस्व से होने वाले आय के रूप में लाखों रुपए के राजस्व का चपत विभाग को लगा है।

#### इन खदानों की हो चुकी है नीलामी

जिले में 16 रेत खदान चिन्हांकित हैं, जिसमें रायगढ़ विकासखंड में सरडामाल, सहसपुरी, लेबड़ा, डूमरपाली, औराभांठा, ढुलोपुर, खरसिया में दर्रामुड़ा और बरभौना, घरघोड़ा में कंचनुपर, फगुरम, टेरम, छाल में पुसल्दा, जोगड़ा अ व जोगड़ा ब , धरमजयगढ़ में बायसी ग्राम में रेत खदान चिन्हांकित है।


WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम लोटापानी निवासी स्व. सनारी बाई का सांप के काटने से 25 मई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पुत्री देवमुनी बाई हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### विधिक संरक्षक नियुक्त कराने कर सकते हैं आवेदन

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहु दिव्यांगता जैसी गंभीर दिव्यांगता से ग्रस्त दिव्यांग व्यक्ति के माता-पिता या नजदीकी रिश्तेदार अथवा दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत ऐसी पंजीकृत स्वयंसेवी संगठन व संस्था, जहां ऐसी गंभीर दिव्यांगता से ग्रस्त दिव्यांग व्यक्ति अन्तवास कर रहा हो को सूचित किया जाता है कि वे ऐसे दिव्यांग व्यक्ति, जिनके लिए ''विधिक संरक्षक की आवश्यकता प्रतीत हो रही हो, तो वे कार्यालय, समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित ''स्थानीय स्तरीय समिति को राष्ट्रीय न्यास अधिनियम-1999 के नियम-14 के तहत निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सुयोग्य व्यक्ति को विधिक संरक्षक नियुक्त करा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति व संस्था अधिक जानकारी एवं निर्धारित आवेदन प्रारूप प्राप्ति के लिए कार्यालय, उप संचालक, समाज कल्याण जशपुर में किसी भी कार्यालयीन दिवस व समय पर उपस्थित होकर संपर्क कर सकते हैं।

### 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण

**अम्बिकापुर।** बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 23 मार्च से चल रहे 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण हो गया है। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी ने मूल्यांकन संबंधी अपनी रिपोर्ट भी माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दी है। 12वीं बोर्ड के हिन्दी विषय की परीक्षा निरस्त होने के कारण मण्डल द्वारा 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। विभाग द्वारा परीक्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए इस बार भी बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया था। बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कड़ी सुरक्षा में 16 मार्च को प्रारंभ किया गया था। प्रथम चरण का मूल्यांकन 16 मार्च एवं द्वितीय चरण का मूल्यांकन 25 मार्च से 7 अप्रैल तक संचालित किया गया। बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन वरिष्ठ मूल्यांकनकर्ता एवं सहायक मूल्यांकनकर्ता सहित 300 से अधिक जिलेभर के विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई एवं निर्धारित अवधि में मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया।

### संकल्प प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाई गई

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इस बार कक्षा 9वीं में 40-40 विद्यार्थियों और कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं में रिक्त सीटों के अनुसार विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र 15 अप्रैल को सभी विद्यालयों के प्राचार्य संकलित कर संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर प्रवेश पत्र प्राप्त करेंगे। जो विद्यार्थी पहले फॉर्म भरकर जमा कर चुके हैं उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। अब प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में परीक्षा केंद्र होंगे। पूर्व में प्रवेश परीक्षा 12 अप्रैल 2026 को आयोजित होनी थी, जिसे स्थगित किया गया है। अब सभी कक्षाओं के लिए प्रवेश परीक्षा 25 अप्रैल को प्रातः 11रू00 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बार प्रवेश परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग की जाएगी स प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएँगे और प्रत्येक ग़लत उत्तर के लिए एक अंक काटे जाएँगे स कक्षा 9 वीं,10 वीं में प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जो पूर्व कक्षा के पाठ्यक्रम पर आधारित केवल विज्ञान और गणित विषय से संबंधित होंगे ।

---

### सीमांकन, भूअर्जन, मुआवजा नामांतरण, बटवारा जैसे प्रकरणों को राजस्व पखवाड़ा में मौके पर निराकरण के निर्देश

# राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



- 1 और 2 वर्ष के राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण करने पीठासीन अधिकारियों को निर्देश

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के के समस्त राजस्व अधिकारियों एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। जिले में चल रहे राजस्व पखवाड़ा में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, डायवर्सन, वृक्ष कटाई की अनुमति, द्वितीय प्रति किसान किताब, आय जाति निवास प्रमाण पत्र, अभिलेख त्रुटि सुधार, रिकॉर्ड दुरूस्ती तथा वन पट्टा का फौती नामांतरण इत्यादि प्रकरणों को मौके पर निराकरण के निर्देश दिए। अभी तक कुल 2052 आवेदन प्राप्त किया गया है, जिसमें से 1433 आवेदन शिविर में निराकृत किया गया।

राजस्व न्यायालय प्रकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने कहा कि ऐसी व्यवस्था हो जिसमें राजस्व प्रकरणों के लिए पक्षकारों का अनावश्यक भटकना न पड़े। उन्होंने 1 और 2 वर्ष के राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण करने और न्यायालय दिवस के दिन अनिवार्य रूप से कोर्ट लेने के निर्देश पीठासीन अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर के दिए निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ को अपने विकासखण्ड में 09 अप्रैल को मल्दा ब 11 अप्रैल मड़कड़ी तहसील बिलाईगढ़, 13 अप्रैल जामपाली तहसील सरिया में क्लस्टरवार राजस्व शिविर आयोजित किया जाना है, जिसमें अधिक से अधिक किसानों की समस्याओं को त्वरित निराकरण एवं लाभ दिलाए जाने निर्देशित किया गया। नामांतरण तथा बंटवारा सीमांकन प्रकरणों में राजस्व निरीक्षक, पटवारियों से प्रतिवेदन प्राप्त कर शत प्रतिशत निराकरण समय सीमा में पूर्ण करने, वन अधिकार मान्यता पत्रक धारियों के फौती नामांतरण, स्वामित्व योजना में प्रगति लाने सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया गया तथा एसडीएम को सतत निगरानी तथा अधीनस्थ न्यायालयों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम वर्षा बंसल, एसडीएम प्रफुल्ल रजक, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह, सभी तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने राशन दुकानों के व्यवस्था का लिया जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ.संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के तहत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मां अग्नि ज्वाला समूह सारंगढ़ द्वारा संचालित चावल वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित हितग्राहियों से सीधे संवाद कर पूछा कि उन्हें समय पर चावल मिल रहा है या नहीं। चावल की गुणवत्ता कैसी है। उन्होंने यह भी जाना कि वितरण में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम दानसरा के उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कियाए जहां चावल लेने पहुंचे हितग्राहियों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। हितग्राहियों ने बताया कि चावल और शक्कर नियमित रूप से मिल रहा है, लेकिन नमक की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने चावल के भंडारण स्टोरेज की स्थिति का भी अवलोकन किया और स्वयं चावल की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने हितग्राहियों से पुनः पुष्टि की कि उन्हें साफ और गुणवत्तायुक्त चावल मिल रहा है या नहीं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान की साफ-सफाई और रख-रखाव पर भी ध्यान देते हुए दुकान को तिरंगे रंग में रंगाई.पुताई कराने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने दिए सभी कृषि और पशुधन विभाग के अधिकारियों को फील्ड में दौरा करने के निर्देश

- कलेक्टर ने कृषि, पशुपालन, मछलीपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा किया

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि, पशुपालन, मछलीपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा किया। उन्होंने सभी विभागों के योजनाओं का क्रमवार, विकासखंडवार रिपोर्ट लेते हुए सभी अधिकारियों को फील्ड में दौरा करने के निर्देश दिए। सभी हितग्राहियों के लोन आवेदन को बैंक अधिकारी और हितग्राही से पूछकर उसकी सत्यता की जानकारी लेकर पूरी कोशिश करें कि योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ हितग्राहियों को मिलें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत इन्द्रजीत बर्मन, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ महेन्द्र पांडेय, एन पी ओगरे सहित मैदानी अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के छूटे किसानों को आधार सीडिंग, भूमि सीडिंग एवं ईकेवायसी का अभियान चलाकर लक्ष्य पूर्ण करें। पीएम सूर्य घर योजना का लाभ कृषि मैदानी अधिकारी स्वयं लें और सभी किसान को भी लाभ दिलाने मेहनत कर प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना हितग्राहियों को बिजली बिल से मुक्ति के उद्देश्य को पूरा करता है। सभी अधिकारियों की फील्ड में उपस्थिति दिखनी चाहिए। तय तिथि और समय में जाकर कृषक चौपाल




में किसानों से मिलें और पीएम किसान सम्मान निधि, ईकेवायसी, खाद बीज की उपलब्धता, वनाधिकार पत्र आदि योजनाओं के संबंध में किसानों के मन में उत्पन्न शंका का समाधान करें ताकि उन्हें जनदर्शन जैसे कार्यक्रम में अनावश्यक आना न पड़े। सभी किसानों को एग्रीस्टेक में पंजीयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में मछली की खपत को ध्यान में रखते हुए छिंद के हेचरी को दुरूस्त कर मत्स्य बीज बढ़ाने और मनरेगा में डबरी निर्माण के बाद वहां मछली पालन को बढ़ावा देने कलेक्टर ने मत्स्य अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशुधन विकास विभाग के मोबाइल वेन के रूट चार्ट, डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ, पशु जनगणना, जिले में कृत्रिम गर्भाधान, गौधाम, गोशाला, दूध उत्पादन की जानकारी लेते हुए जिले के गौधाम और गोशाला में गायों की देखरेख, पेयजल, चारा को सुदृढ़ व्यवस्था के निर्देश दिए।

---

## आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तिऊर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा गवेल ने किया उद्घाटन



**तिऊर।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित तिऊर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविंद्र गवेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल हुए, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर नवीन समिति के कार्यों का आगाज़ किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे रविन्द्र प्रकाश गवेल जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बलदेव कुर्रे सदस्य, जिला पंचायत, श्रीमती रामकुमारी राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़ हितेश गवेल उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत खरसिया, श्रीमती शांति महिपाल पंकज जनपद पंचायत सदस्य अमृत सिदार जनपद पंचायत सदस्य बड़ेलाल सिदार अध्यक्ष आ जा सेवा सह तुरेकेला श्रीमती रजनी अजय सिदार सरपंच ग्राम पंचायत तिऊर किसानों के हित में बड़ा कदम संबोधन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविंद्र गवेल ने कहा कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के खुलने से स्थानीय किसानों और आदिवासी समुदाय को खाद, बीज और ऋण संबंधी सुविधाओं के लिए अब दूर नहीं भटकना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह समिति क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। रविन्द्र प्रकाश गवेल ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाने में सहकारी समितियों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने समिति के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता पर जोर दिया।

## बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने रचा इतिहास, मात्र 2.5 ग्राम हीमोग्लोबिन वाली महिला को दिया जीवनदान

**रायगढ़।** चिकित्सा विज्ञान में अक्सर ऐसे चमत्कार देखने को मिलते हैं जो नामुमकिन को मुमकिन बना देते हैं। ऐसा ही एक हैरतअंगेज मामला रायगढ़ के बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में सामने आया है जहाँ मौत के मुहाने पर खड़ी एक 43 वर्षीय महिला को डॉ स्वाति मिश्रा की कुशल टीम ने नई जिंदगी दी है। एक दूसरे हॉस्पिटल में 3 दिन भर्ती रहने के बाद भी नहीं सुधरी हालत तब रिफर होकर बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल आई।



मरीज को पेट दर्द की गंभीर शिकायत के साथ श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रेफर किया गया था। वहाँ 2 यूनिट रक्त चढ़ाने के बावजूद जब वे मेट्रो हॉस्पिटल पहुँचीं, तो स्थिति बेहद भयावह थी। जाँच में पता चला कि महिला का हीमोग्लोबिन गिरकर मात्र 2.5 ग्राम रह गया था, जो कि सामान्यतः जीवन के लिए असंभव माना जाता है। डॉ. स्वाती पी मिश्रा हाई रिस्क केस सुलझाने की विशेषज्ञ अस्पताल की सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाती पी मिश्रा विशेषज्ञ जटिल एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी ने तुरंत मोर्चा संभाला। जाँच में पाया गया कि महिला को श्रप्चर्ड एक्टोपिक प्रेगनेंसीश गर्भ का फटना थी और उनके पेट के भीतर लगभग 6 लीटर खून भर चुका था। डॉ स्वाती मिश्रा जो अपनी उच्च शैक्षणिक डिग्रियों और जटिलतम सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए जानी जाती हैं ने बिना समय गंवाए ऑपरेशन का निर्णय लिया। मौत को मात देने वाली टीम और आधुनिक केयर इतने कम हीमोग्लोबिन 2.5 हउे पर सर्जरी करना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी में एनेस्थेटिस्ट डॉ. यूएस गुप्ता ने अपनी विशेषज्ञता से मुख्य भूमिका निभाई। साथ ही एनेस्थेटिक टीम में पूजा सिस्टर, अन्नू सिस्टर और ओटी स्टाफ से रामेश्वर ब्रदर व आश्रिता सिस्टर का विशेष सहयोग रहा। डॉ. स्वाती के साथ आरएमओ डॉ. मंजू ने भी पूरी तत्परता दिखाई। 4 यूनिट रक्त की तत्काल व्यवस्था कर ऑपरेशन शुरू किया गया। प्रॉपर आईसीयू केयर और डॉ. स्वाती मिश्रा के सटीक सर्जिकल कौशल की बदौलत मरीज न सिर्फ बच गई, बल्कि डिस्चार्ज के समय उनका हीमोग्लोबिन 9.5 ग्राम तक पहुँच गया।

## ओडिशा से पकड़ा गया गांजा सप्लाई करने वाला

**अंबिकापुर।** गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सप्लाई करता को उड़ीसा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसके पूर्व पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 4 किलोग्राम गांजा, आई 20 कार सहित अन्य सामान बरामद कर चुकी है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर गांजा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रघुनाथपुर चौकी पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 26 फरवरी को एनएच 43 किनारे घेराबंदी की। एनएच किनारे आई 20 कार क्रमांक सीजी 10 एएल 8571 के पास 4 व्यक्ति कुछ सामान लेन-देन करते नजर आए। ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से रायगढ़ लैलूंगा मुड़ापारा नारायणपुर निवासी 26 वर्षीय हेमसागर यादव आ. पोरना राम यादव, जशपुर तुमला कोलेनझरिया निवासी 25 वर्षीय खीरो यादव आ. सुशील यादव, लैलूंगा पोतरा निवासी 24 वर्षीय भूपेंद्र यादव आ. लोचन यादव व रघुनाथपुर गंगापुर निवासी 35 वर्षीय मुरारी लाल चौबे आ. तीरथ राज चौबे को हिरासत में लेकर उनके पास से 4 किलोग्राम अवैध गांजा, आई 20 कार, 6 नग मोबाइल बरामद किया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने उड़ीसा के सुन्दरगढ़ निवासी नन्द कुमार साहू से गांजा खरीदकर लाने की बात कही थी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके साथ ही सप्लायर की लताश जारी थी।

## समर्थन मूल्य पर जिले में सरसों की खरीदी प्रारंभ



**रायगढ़।** जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों के उपार्जन की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई है। प्राइस सपोर्ट स्कीम पीएम आशा द्ध के अंतर्गत बिलासपुर संभाग में सर्वप्रथम रायगढ़ जिले के कोड़ातराई और कोतरा सहकारी समितियों में सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू की गई। पहले दिन कोड़ातराई समिति में ग्राम तेलीपाली के कृषक रामलाल पटेल एवं खीरसागर पटेल से 26 क्विंटल तथा कोतरा सहकारी समिति में कृषक संतराम पटेल एवं बोधराम पटेल से 15 क्विंटल सरसों की खरीदी 6200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई। इससे दलहन तिलहन उत्पादक किसानों में खुशी का माहौल है।

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला प्रशासन ने जानकारी दी है कि आगामी सप्ताह से जिले की 9 सहकारी समितियों में मसूर एवं चना की खरीदी भी प्रारंभ की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

## 3 से 5 साल की उम्र बच्चों का बेस है उन्हें अच्छी शिक्षा और माहौल दें : कुमार



- लिबरा में जिंदल फाउंडेशन द्वारा निर्मित नए लिटिल एंजल भवन का हुआ लोकार्पण

**रायगढ़।** जिंदल फाउंडेशन द्वारा तमनार ब्लाक के ग्राम पंचायत लिबरा में लिटिल एंजल स्कूल के लिए नए भवन का निर्माण किया गया है। नए भवन का लोकार्पण गुरूवार 9 अप्रैल को गारेपेलमा माइंस 1/2/3 माइंस के उपाध्यक्ष गोविंद कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोंविद कुमार ने कहा कि लिबरा में अच्छा काम जिंदल पावर के सीएसआर द्वारा किया जा रहा है। लिटिल एंजल भवन का ग्रामीण अपने बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए उपयोग करें। बच्चों की तीन से पांच साल की उम्र बहुत महत्वपूर्ण होती है यहां नर्सरी कक्षा से पहले बेसिक नालेज कीतैयारी बच्चों को कराई जा रही है। इस उम्र में बच्चों में सीखने की क्षमता बहुत होती है इस अवस्था में बच्चों को जो भी सीखाएंगे उसे वे अपनाते हैं। यही उम्र उनकी बेस है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छा माहौल और अच्छी शिक्षा दें। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि वे अपने बच्चों को यहां नियमित रूप से भेजें साथ ही पालक अपने बच्चों कें शैक्षणिक विकास की नियमित मानिटरिंग भी करें, जिंदल पावर ने जैसा भवन बनाया है ऐसा स्कूल गांवों में कम मिलता है। एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट एंड ग्रुप हेड सीएसआर ऋषिकेश शर्मा ने कहा कि पहले ये सेंटर रोड किनारे था, इससे बच्चों को परेशानियां होती थींए पंचायत के सहयोग से जमीन लेकर जिंदल फाउंडेशन द्वारा नए भवन का निर्माण किया गया है। यह सबसे पुराना सेंटर है। उन्होंने कहा कि यहां पढ़ने वाले बच्चों के माता पिता जरूर जानकारी लें कि सेंटर में पढ़ाई कैसी हो रही है। उन्होंने कहा कि हर माह बच्चों के पालकों की मिटिंग पीटीएम करें इससे बच्चों की पढ़ाई का स्तर पता चलेगा। उन्होंने कहा कि इस सेंटर का उद्देश्य यही है कि जब बच्चा 3 से 5 साल की उम्र पूरी कर ले तो वह पढ़ने के लिए योग्य हो जाए, यह छोटे बच्चों को अच्छे स्कूल में भेजने की तैयारी है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दयानंद पटनायक ने कहा कि जिंदल पावर का गांव के विकास कार्यों में बहुत बड़ा योगदान है। गांव में लिटिल एंजल स्कूल का सपना बहुत पहले देखा गया था, जो अब सच हो रहा है। उन्होने बताया कि गांव में जिंदल फाउंडेशन द्वारा कई विकास कार्य कराए गए हैंए उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि विकास के लिए जिंदल के साथ चलना चाहिए।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं-आयुक्त

# कामों में देरी बर्दाश्त नहीं, लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने पीडब्ल्यूडी की महत्वपूर्ण बैठक लेकर शहर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी निर्माण कार्यों में समय सीमा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता नहीं करने के निर्देश सभी इंजीनियर्स को दिए।



कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने कहा कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्यों में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, कार्य प्रारंभ करने में लापरवाही बरती जा रही है अथवा कार्यादेश जारी होने के बावजूद काम शुरू नहीं किया गया है, ऐसे ठेकेदारों को तत्काल चिन्हित कर नोटिस जारी करें। उन्होंने नोटिस के बाद भी सुधार नहीं होने या कार्य प्रगति संतोषजनक नहीं रहने पर संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई करने के सख्त निर्देश। बैठक में उपस्थित सभी इंजीनियरों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने वार्डों में निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करें और प्रत्येक कार्य की टेस्टिंग रिपोर्ट बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें। इसके साथ ही बिल भुगतान से संबंधित प्रक्रियाओं को पारदर्शी और समयबद्ध रखने पर भी विशेष जोर दिया गया।

कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने कहा कि कार्यों के एवज में ठेकेदारों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, इसके लिए सभी फाइलों का प्रॉपर प्रोटोकॉल के तहत संधारण किया जाए तथा फाइलों का समय पर संचालन किया जाए। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं करने के निर्देश सभी इंजीनियर्स एवं लिपिक को दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया सहित सभी उपअभियंता उपस्थित रहे।



# कॉकटेल-2 के गाने जब तलक का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'कॉकटेल 2 बीते कुछ दिनों से सुर्खियों में हैं। मेकर्स थोड़े-थोड़े टाइम पीरियड में फिल्म से जुड़ी झलकियां फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। इस बीच बुधवार कोभी उन्होंने फिल्म के गाने 'जब तलक'का लुक शेयर किया है। मेकर्स के साथ फिल्म के एक्टर्स ने भी इस गाने का लुक शेयर किया। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर इसे शेयर कर लिखा- 'इस समर और भी ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है।'गाने के क्लिप में तीनों एक्टर्स काफी कूल लुक में नजर आए, साथ ही इंजॉए करते हुए और पार्टी करते दिखाई दिए।

लाइफ Style

# मृणाल

## रणवीर की वजह से मैं इंडस्ट्री में हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'धुरंधर 2' को लेकर रणवीर सिंह को लोगों से काफी प्यार मिल रहा है। इस बीच एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने भी एक्टर की जमकर तारीफ की है और उनको लेकर बड़ा स्टेटमेंट दिया है। हाल ही में मृणाल ठाकुर रणवीर इलाहबादिया के पॉडकास्ट में पहुंची थीं।

मृणाल ने रणवीर की तारीफ करते हुए कहा, 'मेरा दिल बहुत खुश है। वो मेरे लिए लकी चार्म हैं। इसी वजह से मैं इस इंडस्ट्री में हूं। मैंने उनके साथ एक हेयर ब्रांड के लिए ऐड किया था, और जब वो ऐड टीवी पर आया तभी फिल्ममेकर्स ने मुझे नोटिस करना शुरू किया। मैं इसका पूरा क्रेडिट उन्हें देती हूं। उन्होंने सच में मेरी बहुत मदद की है। वो बहुत पॉजिटिव इंसान हैं और उन्हें हर सफलता मिलनी चाहिए।'उन्होंने 'धुरंधर 2' में भी रणवीर की परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए कहा, 'उनकी एक्टिंग सिर्फ ऊपर-ऊपर की नहीं थी, उसमें गहराई और कई परतें थीं। मैंने उन्हें रणवीर सिंह के रूप में नहीं देखा, सिर्फ 'हमजा'के किरदार में देखा। वो हीरो से ज्यादा एक किरदार लगे। मुझे उन पर बहुत गर्व है, क्योंकि वो बहुत मेहनती हैं। मैं दुआ करती हूं कि वो जो भी करें, वो ब्लॉकबस्टर हो। वो सब कुछ कर सकते हैं।'बता दें कि रणवीर सिंह ने धुरंधर में हमजा का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई की। फिल्म ने भारत में कुल 1,033.37 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1,641.21 करोड़ का हो गया है।



## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन के साथ शेयर की क्यूट तस्वीर

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से सभी का दिल जीत चुकीं अमेरिकी सिंगर कैथरीन एलिजाबेथ उर्फ कैटी पेरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। कैटी ने अपनी इस नई पोस्ट में कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ अपनी खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को फिर से सरप्राइज कर दिया है। कैटी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'कभी नहीं सोचा था कि कर्म इतना फलदायी हो सकता है।'




# द डेविल वियर्स प्राडा 2 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का फाइनल ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दूसरे पार्ट में भी कई पुराने किरदारों नजर आ रहे हैं, जो पहली फिल्म का पार्ट थे। मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद इस फिल्म में साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मेरिल स्ट्रीप का किरदार इस बार भी नामी फैशन मैगजीन से जुड़ी हैं, लेकिन उनके किरदार को एक स्कैंडल का शिकार हो गया है। इस मुश्किल में ऐनी हैथवे का किरदार उनकी मदद के लिए आगे आता है। बता दें कि पहले पार्ट में एनी और मेरिल के किरदारों के बीच तीखी नोक-झोंक दिखी थी, जो इस बार भी देखने को मिल रही है। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे के अलावा एमिली ब्लंट, स्टेनली टुकी, ट्रेसी थॉमस और टिबोर फेल्डमैन भी वापसी कर रहे हैं।



# श्री बाबा नीम... में बने करोली महाराज

**मुंबई।** नीम करोली बाबा की जिंदगी पर कई फिल्में बन रही हैं। इनमें से एक फिल्म है 'श्री बाबा नीम करोली महाराज'। इसका टीजर बुधवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल को रिलीज होगी। इसमें अभिनेता सुबोध भावे नीम करोली बाबा का किरदार निभा रहे हैं। टीजर की शुरुआत सुबोध भावे की एंट्री से होती है, जो नीम करोली बाबा के रूप में गहरी समाधि में बैठे दिख रहे हैं। फिर उनकी आवाज सुनाई देती है- 'ये देख, मैं आ गया हूं तेरे लिए। इसी दिन का इंतजार था ना तुझे? देख, मैं तेरे सामने खड़ा हूं।' टीजर में राजेश शर्मा को भी हाथ जोड़ते हुए दिखाया गया है। सुबोध भावे एक अभिनेता, लेखक, निर्देशक और निर्माता हैं। वह मुख्य रूप से मराठी फिल्मों में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने साल 2000 में टीवी से शुरुआत की।



# राम गोपाल संग बिताए पलों को किया याद

**मुंबई।** अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा के बर्थडे पर खास अंदाज में उन्हें विश किया और अपनी पुरानी यादें ताजा कीं। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी थ्रोबैक तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनके साथ बिताए गए कई वर्षों की झलक देखने को मिली। इन तस्वीरों में उनकी प्रोफेशनल और पर्सनल बॉन्डिंग साफ नजर आई। मनोज ने अपने इस लंबे सफर को 'अनफॉरगेटेबल' बताया और लिखा, 'हैप्पी बर्थडे हमने साथ में पागलपन, बहसें, हंसी और कई यादगार फिल्में बनाई हैं। मैं इन सबके लिए शुक्रगुजार हूं। ऐसे ही बेबाक और निडर बने रहो। बता दें कि राम गोपाल वर्मा की अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत'साल 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

## टीवी मसाला



# पुलकित इस बार रोमांस छोड़ लगाएंगे बॉक्सिंग का पंच...

**मुंबई।** पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा स्टारर स्पोर्ट्स थ्रिलर 'ग्लोरी'का टीजर बुधवार को सामने आया है। रोमांस छोड़कर इस बार पुलकित बॉक्सिंग करते नजर आएंगे। टीजर को देखने के बाद फैंस इस सीरीज के लिए और पुलकित सम्राट को इस अंदाज में देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। हरियाणा की ब्रूटल और इमोशनली चार्ज बॉक्सिंग की दुनिया पर आधारित 'ग्लोरी' का टीजर पारंपरिक स्पोर्ट्स ड्रामा से इतर एक जटिल कहानी की ओर इशारा करता है। इसमें बदला, महत्वाकांक्षा और टूटे हुए रिश्ते आपस में टकराते हैं। 1 मिनट 11 सेकंड के इस टीजर में बॉक्सिंग, मर्डर, सस्पेंस, पॉवर और थ्रिलर देखने को मिलता है। टीजर में त्याग, बलिदान और कष्ट की बात की जाती है। करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित 'ग्लोरी' में दिव्येंदु शर्मा और पुलकित सम्राट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा सीरीज में 'धुरंधर' फेम सुविंदर विक्की, आशुतोष राणा, यशपाल शर्मा और सिकंदर खेर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। एटॉमिक फिल्म्स के तहत निर्मित 'ग्लोरी'1 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। पुलकित सम्राट और दिव्येंदु शर्मा के लिए 'ग्लोरी' काफी अहम है, क्योंकि दोनों को अपने करियर में एक बड़ी सफलता की जरूरत है।

## 'तुम हो ना' से टीवी पर वापसी करेंगे राजीव

**नई दिल्ली।** एक बिल्कुल नया रियलिटी गेम शो 'तुम हो ना' आने वाला है। इस शो को 'कहीं तो होगा' फेम राजीव खंडेलवाल होस्ट करेंगे। इस शो को लेकर राजीव ने खास बाते बताई हैं। राजीव खंडेलवाल ने कहा, 'कई साल में मुझे कई तरह के रोल ऑफर मिले। कुछ प्रयोगात्मक थे तो कुछ बहुत अलग-अलग। लेकिन, मैंने हमेशा अपने दिल की सुनी और वही काम चुना जो मुझे सच में मायने रखता हो। 'तुम हो ना' शो के साथ टीवी पर वापसी करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। मैं एक बहुत सुंदर शो लेकर आ रहा हूं जो मेरे दिल के बहुत करीब है।' यह शो जल्द ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर शुरू होगा। राजीव खंडेलवाल ने मुख्य रूप से 5 से अधिक प्रमुख टीवी रियलिटी शो और टॉक शोज को होस्ट किया है। उनके चर्चित होस्टिंग प्रोजेक्ट्स में डील या नो डील (2006), सच का सामना (सीजन 1 और 2), सुपर कार्स, माय एंडेवर (2013), और जज्बात (2018) शामिल हैं। उन्होंने 2016 में द लीजेंड ऑफ जगन्नाथ' नाम की डॉक्यूमेंट्री भी होस्ट की है। राजीव खंडेलवाल एक भारतीय फिल्म और टेलीविजन अभिनेता और होस्ट हैं, जिन्होंने कहीं तो होगा (2003-2005) से घर-घर में पहचान बनाई।



# जिंदगी की तलाश गाने को सुनने के बाद खूब रोया था दुबई का असली डॉन...

*नई दिल्ली। गीतकार समीर अनजान ने एक ऐसा गाना लिख दिया था जिसे सुनने के बाद दुबई का डॉन बहुत रोया था। रात भर रोने के बाद समीर को किया था फोन। ये था वो गाना जिसने असली डॉन तक को रुला दिया। गाना आज भी दिल छू जाता है। हिंदी सिनेमा में कई फिल्में डॉन पर बनाई गई हैं। अक्षय कुमार, अजय देवगन जैसे एक्टर्स ने माफिया डॉन के किरदार निभाकर ऑडियंस को खुश कर दिया है। कई फिल्मों में डॉन के अलग-अलग रूप को दिखाया, उनपर गाने भी बने। लेकिन क्या आपको पता है एक गाने के लिए असली माफिया डॉन इतना दीवाना हो गया था कि उसने गाना लिखने वाले गीतकार को सोने से लादने की बात कह दी थी। ये गीतकार हैं समीर अनजान। कई खूबसूरत गाने लिखने वाले समीर ने एक गाना डॉन की जिंदगी पर भी लिखा था। लेकिन, उन्हें नहीं पता था कि फिल्म की कहानी पर लिखा गया ये गीत असली डॉन के दिल को छू जाएगा।*



### समीर को डॉन ने किया था फोन

माफिया डॉन ने समीर को सुबह के 4 बजे फोन किया और जो कहा उसने उन्हें हैरान कर दिया। समीर कहते हैं कि उस डॉन ने उस समय शराब पी रखी थी। और कहा आप दुबई आ जाओ। मैं आपको सोने से लाद के भेजूंगा। ये सुनते ही समीर ने हैरानी से पूछा कि क्या हुआ, लेकिन डॉन ने फिर कहा कि आप आ जाओ। गीतकार ने उनसे वादा किया कि वो जरूर आएंगे। लेकिन, पहले वजह तो बताइए। समीर ने बताया कि डॉन ने उनसे कहा कि सर आपने एक ऐसा गाना लिख दिया है जिसकी दो लाइन में आपने मेरी पूरी जिंदगी कह दी। वो गाना सुना और रात भर मैं रोया हूं।

### फिल्म की सिचुएशन पर था गाना

समीर ने बताया कि उन्होंने फिल्म साथी के लिए एक गाना लिखा था 'जिंदगी की तलाश में हम मौत के कितने पास आ गए। जब ये सोचा तो घबरा गए हम कहां थे कहां आ गए'। इस गाने को सुनने के बाद डॉन खूब रोया और समीर को फोन किया। फिल्म में भी ये गाना एक डॉन के किरदार पर बेस्ड था। लेकिन, इसके मुखड़े भर ने डॉन को रुला दिया। ये किस्सा समीर अनजान आज तक नहीं भूल पाए हैं। उन्होंने फिल्म की सिचुएशन पर गाना लिखा था, लेकिन नहीं सोचा था कि कोई असली डॉन भी इससे प्रभावित हो जाएगा।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण-पूजा का दिखा रोमांटिक अंदाज

**मुंबई।** वरुण धवन और पूजा हेगड़े की नई फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' कथित तौर पर मई महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, रिलीज से पहले वरुण धवन ने फिल्म की शूटिंग की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण और पूजा नदी के किनारे रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। जिस पर जान्हवी कपूर ने एक खास कमेंट किया है। इस तस्वीर के साथ वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, 'इश्क सिर्फ एक बार होता है।' वरुण की इस तस्वीर पर जान्हवी कपूर ने मजाकिया कमेंट किया। जान्हवी ने लिखा, 'लेकिन आप कैप्शन में क्यों चिल्ला रहे हैं?' जान्हवी कपूर और वरुण धवन पहले 'बवाल' और 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जैसी फिल्मों में एक साथ काम कर चुके हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म का शीर्षक फिल्म 'बीवी नंबर 1' के गाने 'इश्क सोना है' से लिया गया है, जिसमें सलमान खान और सुष्मिता सेन ने अभिनय किया था। तस्वीर के बैकग्राउंड में 1999 की पुरानी फिल्म 'इश्क सोना है' का गाना बज रहा है। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की शूटिंग पिछले साल



शुरू हुई थी। पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर ऋषिकेश से वरुण के साथ गंगा आरती की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी कर रहे हैं। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पूजा हेगड़े की आखिरी फिल्म 'देवा' थी, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया था।

## 'राका' के पोस्टर में अल्लू अलग रूप में आ रहे हैं नजर

# अजीबोगरीब लुक में नजर आए ये कलाकार, किसी ने डराया तो किसी ने किया हैरान

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म 'राका' का पहला पोस्टर जारी हो गया है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन अलग रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चेहरे के सामने जानवर का पंजा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि 'राका' में अल्लू अर्जुन का लुक इंसान और जानवर का मिश्रण हो सकता है। इसी कड़ी में हम आपको उन कलाकारों के बारे में बता रहे हैं जो फिल्मों में बहुत अजीब लुक में नजर आए।

### कमल हासन- कल्कि (2024)

'कल्कि 2898 एडी में कमल हासन एक बूढ़े व्यक्ति के रूप में नजर आए थे। उनका यह लुक काफी डरावना और झुर्रियों वाला था। उनके लुक को देखकर लग रहा था कि वह जिंदा लाश हैं। उनका लुक इतना अजीब था कि एक्टर को पहचानना बहुत मुश्किल हो रहा था। कमल का यह लुक उनके अब तक के सबसे अलग किरदारों में से एक है।

### राजकुमार राव राब्ता (2017)

फिल्म राब्ता में राजकुमार राव ने कैमियो किया था। हालांकि उन्होंने अपने लुक से लोगों को हैरान कर दिया था। इस लुक में वह डरावने लग रहे थे। फिल्म में उन्होंने 324 साल के बेहद बुजुर्ग व्यक्ति की भूमिका निभाई थी। राजकुमार राव के इस लुक की दुनियाभर में तारीफ हुई थी।



### कार्थी- काशमोरा (2016)

फिल्म कश्मोरा में कार्थी ने डबल रोल अदा किया था। उनके किरदार का नाम कश्मोरा और राज नायक था। फिल्म में कार्थी का लुक बहुत अलग था। इस लुक के लिए उन्होंने दाढ़ी बड़ी की थी, सिर मुंडवाया था। वह पुराने सैनिकों की पोशाक में नजर आए थे। उनके चेहरे की बाईं तरफ एक काला निशान भी था।

### विक्रम- आई (2015)

फिल्म आई में विक्रम ने ली नाम के एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था, जो एक वायरस की चपेट में आ जाता है। बीमारी से ग्रस्त होने के बाद वह जवानी में ही बूढ़े लगते हैं। उनके बाल भी झड़ जाते हैं। इसके बाद वह काफी डरावने लगने लगते हैं। अच्छा इलाज मिलने के बाद वह ठीक हो जाते हैं। फिल्म में उनके अजीब लुक की काफी तारीफ हुई थी।

### संजय दत्त- अग्निपथ (2013)

ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म अग्निपथ में संजय दत्त का लुक काफी अलग था। इसमें उन्होंने कांचा चीना नाम के विलेन का किरदार निभाया था। संजय दत्त इसमें गंजे थे। फिल्म में इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने अपनी भौहें भी बनवा दी थीं। इस लुक को काफी डरावना और अजीब माना गया।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर आवेदन की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** भारतीय थल सेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के अविवाहित उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सैनिक के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन व आवेदन आमंत्रित की गई है। भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार अब 10 अप्रैल तक थलसेना के वेबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अग्निवीर सैनिक भर्ती अंतर्गत जनरल ड्यूटी तकनीकी, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रेडमैन, महिला सैन्य पुलिस एवं नियमित कैडर भर्ती, धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी तथा हवलदार एसएसी के पदों भर्ती की जाएगी। जिसके लिए ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन जून 2026 में संभावित है। भर्ती के लिए उम्मीदवार की आयु साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय व राज्यकीय शिक्षा बोर्ड व संस्था से कक्षा 8वीं, 10वीं या 12वीं, आटीआई, इंजीनियरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई, वजन, सीना विभिन्न पदों हेत अलग अलग है। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट हेतु ऑनलाईन परीक्षा के समय टाईपिंग टेस्ट भी देना होगा। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा।

### जांच और दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर आज

**सारंगढ़।** जांच और दिव्यांगता प्रमाण पत्र से वंचित दिव्यांग जनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए 10 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में जिला मेडिकल बोर्ड का शिविर होगा। इसमें आँख, हड्डी, कान, नाक, गला आदि के डॉक्टर मौजूद होंगे। ऐसे दिव्यांग जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र अब तक नहीं बन पाया है, वे बरमकेला और बिलाईगढ़ में शिविर का लाभ लेकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बना सकते हैं। इसमें शामिल होने के लिए पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, दिव्यांग दिखाई दे रहा है ऐसा फोटो लाना होगा।

### कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ नगरपालिका कार्यालय एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर लंबित कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों कर्मचारियों को उनके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरपालिका कार्यालय परिसर की साफ सफाई का भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नगरपालिका में राशन कार्ड और आधार कार्ड बनवाने आने वाले नागरिकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सीएमओ को कहा किए नगरपालिका में किसी को आधार कार्ड बनाने में परेशानी नहीं हो। नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर ने लंबित फाइलों की जांच की तथा लेखा शाखा का निरीक्षण किया। इसके साथ ही राजस्व शाखा का भी निरीक्षण करते हुए नगर क्षेत्र में दुकानों की स्थिति, राजस्व वसूली और संपत्ति कर की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि संपत्ति कर की वसूली मात्र 40 प्रतिशत ही हो सकी है, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### ऑनलाइन पंजीकरण 10 तक

**रायगढ़।** सेना में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी के विभिन्न पदों अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक स्टोर कीपर ट्रेडमैन 10वीं एवं 8वीं तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस के लिए पंजीकरण जारी है। इसके साथ ही स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार शिक्षा एवं धर्म शिक्षक के पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र तक पहुंचेगा कोयला

## महाजेनको की गारे पेलमा सेक्टर–2 कोल माइंस से कोयले का डिस्पैच शुरू



छत्तीसगढ़ अब देश के औद्योगिक और ऊर्जा उत्पादन परिदृश्य में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। रायगढ़ जिले में स्थित गारे पेलमा सेक्टर–2 कोल माइंस से कोयले का प्रथम डिस्पैच औपचारिक रूप से शुरू हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इसके साथ ही छत्तीसगढ़ का कोयला अब सीधे महाराष्ट्र में विद्युत उत्पादन को समर्थन देगा। गारे पेलमा सेक्टर–2 कोल ब्लॉक महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) के लिए विकसित किया जा रहा है, जो महाराष्ट्र में विद्युत उत्पादन की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई है। इस परियोजना के माध्यम से महाराष्ट्र की ताप विद्युत परियोजनाओं को छत्तीसगढ़ से सुनिश्चित और स्थिर ईंधन आपूर्ति प्राप्त होगी, जिससे बिजली उत्पादन की निरंतरता और विश्वसनीयता को मजबूती मिलेगी। कंपनी के मुताबिक महाजेनको के कार्यकारी निर्देशक डा.नीतिन वाघ, मुख्य अभियंता शैलेश पडोल और गारे पेलमा के क्लस्टर हेड एलआरसी रेड्डी के मार्गदर्शन में पहली रैक का प्रेषण किया गया।

### 14 गांवों के 1,679 परिवारों का पुनर्वास

कंपनी की ओर से कहा गया है कि स्थानीय विकास को प्राथमिकता देते हुए परियोजना क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत कार्य किए जा रहे हैं। लगभग 35 करोड़ रुपए की प्रारंभिक सीएसआर योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, आधारभूत संरचना और कौशल विकास से जुड़े कार्य शुरू किए गए हैं। इसके साथ ही संचालन अवधि के दौरान परियोजना के शुद्ध लाभ का 2 प्रतिशत प्रतिवर्ष स्थानीय विकास कार्यों में निवेश किया जाएगा। परियोजना से प्रभावित 14 गांवों के 1,679 परिवारों के लिए पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना भी प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी परियोजना में विशेष ध्यान दिया गया है। एक व्यापक पर्यावरण प्रबंधन योजना के अंतर्गत हरित पट्टी का विकास, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण उपाय, जल संरक्षण तथा खनन के पश्चात भूमि सुधार जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखा जा सके।

### 655.15 मिलियन टन कोयला भंडार उपलब्ध

गारे पेलमा सेक्टर–2 कोल माइंस में लगभग 655.15 मिलियन टन कोयला भंडार उपलब्ध है। इसकी अधिकतम वार्षिक उत्पादन क्षमता 23.6 मिलियन टन (एमटीपीए) निर्धारित की गई है। परियोजना के पूर्ण संचालन से छत्तीसगढ़ राज्य को रॉयल्टी, जिला खनिज निधि (डीएमएफ), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा अन्य मदों के माध्यम से लगभग 29,000 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। इसके साथ ही खनन गतिविधियों से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। परियोजना के तहत 3,400 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे, वहीं परिवहन, निर्माण, खानपान, सुरक्षा, ठेकेदारी और अन्य सहायक सेवाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय गति मिलेगी।



### ऊर्जा आवश्यकताओं को समर्थन मिलेगा

अधिकारियों के मुताबिक इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने कहा कि गारे पेलमा सेक्टर–2 कोल माइंस से पहला डिस्पैच परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे न केवल देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को समर्थन मिलेगा, बल्कि रायगढ़ क्षेत्र में रोजगार सृजन और सामाजिक विकास की प्रक्रिया भी तेज होगी। वहीं सीएसआर टीम के प्रतिनिधि ने कहा कि स्थानीय समुदाय इस विकास मॉडल का अभिन्न हिस्सा है और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आजीविका से जुड़े कार्यक्रमों को आने वाले समय में और विस्तार दिया जाएगा।

# जलकुंभी के कब्जे में ऐतिहासिक बगमुड़ा तालाब, अस्तित्व पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

नगर के हृदय स्थल में स्थित ऐतिहासिक एवं जीवनदायिनी बगमुड़ा तालाब आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। कभी स्वच्छ जल और धार्मिक आस्था का केंद्र रहा यह तालाब आज जल कुंभी के घने साम्राज्य में पूरी तरह समाता जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब तालाब में पानी नजर आना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार बगमुड़ा तालाब केवल एक जल स्त्रोत ही नहीं, बल्कि घरघोड़ा की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। वर्षों से यहां छठ पूजा, दुर्गा विसर्जन, गणेश विसर्जन सहित विभिन्न देवी देवताओं के विसर्जन जैसे पवित्र कार्य होते आए हैं। इसके अलावा नगर के कई लोग यहां स्नान कर अपनी धार्मिक आस्था से जुड़ते रहे हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति बेहद चिंताजनक है। तालाब पूरी तरह जल कुंभी से पट चुका है, जिससे न केवल इसकी सुंदरता खत्म हो गई है बल्कि जल का अस्तित्व भी संकट में पड़ गया है।



### पानी सड़ रहा, दुर्गंध फैल रही है

जल कुंभी के कारण पानी सड़ रहा है और दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास के वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अधिकारी और जनप्रतिनिधयों का ध्यान नहीं देना भी इस बारे में सवाल खड़े करता है। पूर्व में औपचारिकता निभाने के लिए सफाई अभियान चलाया गया। कुछ दिन तक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा फोटो खिंचवाकर अभियान का दिखावा किया गया, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिणामस्वरूप आज फिर से वही बदहाल स्थिति सामने आ गई है।

### गहराई का अंदाजा नहीं, स्थिति जोखिम भरी

गौरतलब है कि तालाब की यह हालत अब आम नागरिकों के लिए खतरे का कारण भी बनती जा रही है। जल कुंभी के नीचे गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे यहां आने वाले लोगों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर बच्चों और श्रद्धालुओं के लिए यह स्थिति बेहद जोखिम भरी है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बगमुड़ा तालाब की तत्काल व्यापक सफाई कराई जाए और जल कुंभी को पूरी तरह हटाने के लिए स्थायी योजना बनाई जाए। साथ ही तालाब के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ सकें। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो वह दिन दूर नहीं जब घरघोड़ा का यह ऐतिहासिक तालाब केवल यादों में ही सिमटकर रह जाएगा।

# कब्र खोदकर निकाली गई ट्रांसपोर्टर की लाश, परिजनों ने की शिनाख्त

■ रायगढ़ के गजानन पुरम इलाके से पिछले 9 दिनों से लापता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ के गजानन पुरम इलाके से पिछले 9 दिनों से लापता ट्रांसपोर्टर सोनू शर्मा की लाश मिली है। ट्रांसपोर्टर पिछले 31 मार्च से घर से लापता था। हालांकि पुलिस ने युवक के शव को 1 अप्रैल को ही रेलवे ट्रैक के पास बरामद कर लिया था लेकिन शिनाख्त नहीं होने की वजह से शव को लावारिस समझकर दफना दिया गया था। घटना के एक सप्ताह के बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने तस्वीर के आधार पर मृतक की शिनाख्त की। मृतकों के बयान के आधार पर एसडीएम की अनुमति से कब्र को फिर से खोदा गया और शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। दरअसल शहर के जूट मिल थाना क्षेत्र के कोसमनारा इलाके में रेलवे ट्रैक के पास 1 अप्रैल को एक युवक की लाश मिली थी। जूट मिल पुलिस ने युवक की शिनाख्ती का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं होने पर 24 घंटे बाद शव को पुलिस ने लावारिस समझकर दफना दिया। इधर कोतवाली थाना क्षेत्र के गजाननपुरम निवासी ट्रांसपोर्टर सोनू शर्मा 31 मार्च से घर से लापता था। परिजनों को लगा कि वह अपने व्यवसाय से कहीं बाहर गया है इसलिए उन्होंने खोजबीन नहीं की।



रेलवे ट्रैक के पास मिली थी लाश, पुलिस ने लावारिस समझकर दफना दिया

### पुलिस ने नए सिरे से जांच शुरू की

5 अप्रैल को परिजनों ने सिटी कोतवाली में सोनू शर्मा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में जुटी कोतवाली पुलिस को जूट मिल थाना क्षेत्र में लावारिस शव मिलने की जानकारी मिली। कोतवाली पुलिस ने जब परिजनों से शिनाख्त कराई तो शव सोनू शर्मा का ही निकला। मामले में पुलिस ने नए सिरे से जांच शुरू की है। एसडीएम की अनुमति से शव को दोबारा कब्र से बाहर निकाल कर पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस का कहना है की प्रथम दृष्टया जांच में ये बात सामने आई है कि युवक की मौत ट्रेन से कटने से हुई है। पुलिस इस मामले में जांच की बात कह रही है।

# 16 उर्वरक दुकानों में मिली कमी, सभी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले में रासायनिक उर्वरकों की उचित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में पिछले दो दिनों के दौरान 16 उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 5 उर्वरक विक्रय केंद्रों गोयल फर्टिलाइजर रायगढ़, मेसर्स किसान इंटरप्राइजेज रायगढ़, अन्नपूर्णा खाद भंडार धरमजयगढ़, विक्की खाद भंडार सूपा, पुसौर एवं नरेश ट्रेडर्स सेमरा, पुसौर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिले में खाद भंडारण एवं वितरण पर कड़ी निगरानी रखने के लिए जिला स्तरीय दल का गठन किया गया है। इस दल के नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि हिन्द कुमार भगत को बनाया गया है, जिनके निर्देशन में उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरंतर निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कृषि विभाग द्वारा कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। किसान टोल फ्री नंबर पर कार्यालयीन समय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### अवैध महुआ शराब जब्त, की गई कार्रवाई

**रायगढ़।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध महुआ शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी वृत्त खरसिया क्षेत्र में छापेमारी कर कुल 12.200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2440 रुपए बताई गई है। कार्रवाई के दौरान बसनाझार, थाना खरसिया निवासी निर्मल निषाद के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। वहीं कार्तिक राम राठिया के पास से 6.200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। जब्त की गई कुल 12.200 लीटर महुआ शराब के संबंध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत

# कृषि विभाग की कार्रवाई, 14 हजार टन उर्वरक जब्त

**रायगढ़।** कलेक्टर के निर्देश में जिले में कृषि विभाग द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी है। गठित जिला निगरानी दल ने विकासखंड पुसौर में विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों पर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान प्रधान ट्रेडर्स, पुसौर में 5 टन सिंगल सुपर फास्फेट तथा अग्रवाल खाद भंडार, पुसौर से 9.225 टन नीम लेपित यूरिया बिना पीओएस स्टॉक के पाए जाने पर कुल 14.225 टन उर्वरक जब्त किया गया। जब्त सामग्री को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

इसी क्रम में विकासखंड रायगढ़ में शंकर ट्रेडिंग कंपनी, कोतरा एवं सेवा सहकारी समिति, बायंग को अभिलेख अपूर्ण पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं घरघोड़ा क्षेत्र में महामाया जनरल स्टोर और अग्रवाल खाद भंडार को पीओएस एवं भौतिक स्टॉक में अंतर मिलने पर नोटिस दिया गया है। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने सभी निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसानों को उचित मूल्य पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा लगातार निगरानी और आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में सहायक संचालक कृषि हिन्द कुमार भगत, उर्वरक निरीक्षक नृपराज डनसेना, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रोहित पटेल एवं उर्वरक निरीक्षक श्रीमती मनीषा राठौर उपस्थित रहे।



# 3 से 5 साल की उम्र के बच्चों का बेस है उन्हें अच्छी शिक्षा और माहौल दें : कुमार

**रायगढ़।** जिंदल फाउंडेशन द्वारा तमनार ब्लाक के ग्राम पंचायत लिबरा में लिटिल एंजल स्कूल के लिए नए भवन का निर्माण किया गया है। नए भवन का लोकार्पण गुरूवार 9 अप्रैल को गारेपेलमा माइंस 1/2/3 माइंस के उपाध्यक्ष गोविंद कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोंविद कुमार ने कहा कि लिबरा में अच्छा काम जिंदल पावर के सीएसआर द्वारा किया जा रहा है। लिटिल एंजल भवन का ग्रामीण अपने बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए उपयोग करें। बच्चों की तीन से पांच साल की उम्र बहुत महत्वपूर्ण होती है यहां नर्सरी कक्षा से पहले बेसिक नालेज कीतैयारी बच्चों को कराई जा रही है।

इस उम्र में बच्चों में सीखने की क्षमता बहुत होती है इस अवस्था में बच्चों को जो भी सीखाएंगे उसे वे अपनाते हैं। यही उम्र उनकी बेस है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छा माहौल और अच्छी शिक्षा दें। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि वे अपने बच्चों को यहां नियमित रूप से भेजें साथ ही पालक अपने बच्चों कें शैक्षणिक विकास की नियमित मानिटरिंग भी करें, जिंदल पावर ने जैसा भवन बनाया है ऐसा स्कूल गांवों में कम मिलता है। एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट एंड ग्रुप हेड सीएसआर ऋषिकेश शर्मा ने कहा कि पहले ये सेंटर रोड किनारे था, इससे बच्चों को परेशानियां होती थींए पंचायत के सहयोग से जमीन लेकर जिंदल फाउंडेशन द्वारा नए भवन का निर्माण किया गया है। यह सबसे पुराना सेंटर है।

उन्होंने कहा कि यहां पढ़ने वाले बच्चों के माता पिता जरूर जानकारी लें कि सेंटर में पढ़ाई कैसी हो रही है। उन्होंने कहा कि हर माह बच्चों के पालकों की मिटिंग पीटीएम करें इससे बच्चों की पढ़ाई का स्तर पता चलेगा। उन्होंने कहा कि इस सेंटर का उद्‌देश्य यही है कि जब बच्चा 3 से 5 साल की उम्र पूरी कर ले तो वह पढ़ने के लिए योग्य हो जाए, यह छोटे बच्चों को अच्छे स्कूल में भेजने की तैयारी है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दयानंद पटनायक ने कहा कि जिंदल पावर का गांव के विकास कार्यों में बहुत बड़ा योगदान है।



# दीक्षांत समारोह में अलंकृत हुए ज्योतिर्विद प्रशांत

**तमनार।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के 39वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 07 अप्रैल को दिल्ली में किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और विशेष अतिथि के रूप में दिल्ली के राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू शामिल हुए। रीजनल कार्यालय रायपुर में दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला ने की। इस दीक्षांत समारोह में तमनार अंचल के कोलम ग्राम के निवासी प्यारेलाल शर्मा के सुपुत्र प्रशांत शर्मा को ज्योतिष शास्त्र में स्नातकोत्तर की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर प्रमाणपत्र एवं आचार्य की उपाधि से अलंकृत किया गया। पेशे से इंजीनियर प्रशान्त शर्मा विगत कई वर्षों से ज्योतिष के कार्यों से क्षेत्र में जनकल्याण का कार्य कर रहे हैं। प्रशान्त शर्मा ने इस गौरवान्वित क्षण में अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, ज्योतिष के गुरुजनों और इग्नू के शिक्षकों को दिया है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त